प्रेषक, संख्या /VI-I /2008-3(2) 2004

एस0एस0वल्दिया,
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
युवा कल्याण एव प्रान्तीय रक्षक दल,
देहरादून।

युवा कल्याण अनुभागः

देहरादून दिनांक 28 मार्च 2008

विषयः जनपद नैनीताल के अन्तर्गत बेतालघाट में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-47/VI-I/2006-2(9) 2005 दिनांक 25 फरवरी 2006 तथा आपके पत्र संख्या 760/सात -1204/ 2007-2008,दिनांक 23 अक्टूबर 2007 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है जनपद नैनीताल के अन्तर्गत बेतालघाट में मिनी स्टेडियम के निर्माण हेतु उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एव निर्माण निगम रामनगर द्वारा गठित पुनरीक्षित आगणन रू0 110.03 लाख पर वित्त विभाग के टी0ए0सी0 द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुत धनराशि रू0 105.05 लाख पर वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो के आधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

1. आगंणन में उल्लिखित दरों का विश्लेषण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता द्वारा स्वीकृत /अनुमोदित दरें को जो दरें शिडयूल ऑफ रेट में स्वीकृत नही हैं, अथवा बाजार भाव से ली गई हो, की स्वीकृति नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता को अनुमोदन आवश्यक होगा।

2. कार्य कराने से पूर्व विस्तृत आगणंन /मानचित्र गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, बिना प्राविधिक स्वीकृति के कार्य प्रारम्भ न किया जाय।

3. कार्य पर उतना ही व्यय किया जाय जितना कि स्वीकृत नार्म हैं, स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाय। कार्य हेतु धनराशि स्वीकृति का प्रस्ताव करते समय पूर्व स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष निर्धारित प्रारूप पर वित्तीय /भौतिक प्रगति विवरण व उपयोग प्रमाण पत्र अवशेष प्रस्तुत किया जाय।

4. एक मुश्त प्राविधान को कार्य करने से पूर्व विस्तृत आंगणन गठित कर नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

5. कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि के मध्य नजर रखते एव लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों/विशिष्टियों के अनुरूप ही कार्य को सम्पादित कराते समय पालन करना सुनिश्चित करें।

6. कार्य कराने से पूर्व स्थल का भली-भांति निरीक्षण उच्चाधिकारियों एवं भूगर्भवेत्ताओं से अवश्य करा लें। निरीक्षण के पश्चात स्थल आवश्यकतानुसार निर्देशों तथा निरीक्षण टिप्पणी के अनुरूप कार्य किया जाय। निर्माण कार्य के न्यूनतम तीन चरणों के छायाचित्र निर्माण इकाई द्वारा वित्तीय /भौतिक प्रगति के साथ उपलब्ध कराये जायेगें, तथा निर्माण कार्य के पूर्व का रिक्त भूमि का चित्र,निर्माण के मध्य का चित्र व पूर्ण निर्मित योजना का चित्र।

7. आंगणन में जिन मदों हेतु जो धनराशि स्वीकृत की गई हैं, उसी मद पर व्यय किया जाए, एक मद का दूसरी मद में व्यय कदापि न किया जाए।

8. जी0पी0डब्लू फार्म 9 की शर्तो के अनुसार निर्माण कार्य सम्पादित करना होगा तथा समय से कार्य को पूर्ण न करने पर 10 प्रतिशत की दर से आगंणन की कुल लागत का निर्माण इकाई से दण्ड वसूल किया जायेगा।

9. मुख्य सचिव उत्तरांचल के शासनादेश स0 2047 XII-219/(2006) दिनांक 30 मई 2006 द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में कार्य कराते समय अथवा आगंणन गठित करते समय कड़ाई से पालन करने का कष्ट करें।

10. उपरोक्त आदेश वित्त विभाग के अशा0 पत्र संख्या - 1031(P)/वित्त XXXVII-(3)/2008 दिनांक 24 मार्च 2008 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0एस0वल्दिया)
उप सचिव

पृष्ठांकन संख्याः-25/VI-I/2008-3(2)2004 तददिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी,उत्तराखण्ड, देहरादून।
2- बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय देहरादून।
3- निजी सचिव, मा0 युवा कल्याण मंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
4- जिलाधिकारी नैनीताल।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल/ देहरादून।
6- वित्त अनुभाग-3 उत्तराखण्ड शासन।
7- एन0आई0सी0, सचिवालय, देहरादून।
8- परियोजना प्रबंधक, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, रामनगर, नैनीताल।
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार शर्मा)
अनुसचिव